**DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR**
**ACADEMIC SESSION 2021-22**
**SUBJECT: HINDI LITERATURE FOR FEBRUARY & MARCH MONTH**

## कविता- 11 जी होता चिड़िया बन जाऊँ

**AIL/SEA** - बच्चे बगीचे में जाकर चिड़िया की आवाज सुनेंगे और चिड़िया के बारे में पाँच पंक्तियाँ बोलेंगे।

### I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | स्वतंत्र | 6. | बंधन |
| 2. | पर्वत | 7. | फुदककर |
| 3. | तरू | 8. | चिड़िया |
| 4. | कुतरकर | 9. | सैर |
| 5. | हरियाली | 10. | जीवन |

### II - शब्द अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | जी | मन |
| 2. | नभ | आकाश |
| 3. | तरू | पेड़ |
| 4. | पर्वत | पहाड़ |
| 5. | बंधन | बाधा , रुकावट |
| 6. | जग | संसार |

## III -वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1 | हरियाली - बगीचे में चारों ओर हरियाली छाई है। |
| 2 | सैर - सैर करना सेहत के लिए अच्छा होता है। |
| 3 | स्वतंत्र - भारत एक स्वतंत्र देश है । |

**प्रश्न -उत्तर** **Text book (page-84)**

क ) चिड़िया कैसे चलती है ?

उत्तर - चिड़िया फुदक - फुदक कर चलती है।

ख ) कवि चिड़िया बनकर कहाँ की सैर करना चाहते हैं ?

उत्तर - कवि चिड़िया बनकर जंगल, पर्वत, घाटी की सैर करना चाहते है ।

ग ) कवि चिड़िया का जीवन क्यों पाना चाहते हैं ?

उत्तर - कवि चिड़िया का जीवन इसलिए पाना चाहते हैं क्योंकि वे स्वतंत्र होकर बिना किसी बंधन के जी सके ।

# पाठ- 12 दादी की सीख

**AIL/SEA** - अपनी दादी माँ से कहानी सुनकर कक्षा में सुनाना ।

## I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | शरारती | 6. | बेचैन |
| 2. | जिद्दी | 7. | झटपट |
| 3. | सदस्य | 8. | राहत |
| 4. | जन्मदिन | 9. | झेलकर |
| 5. | उपहार | 10. | पंक्तियाँ |

## II - शब्द अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | तेज़ | बहुत ज़ोर से |
| 2. | उपहार | तोहफ़ा |
| 3. | झटपट | तुरंत |
| 4. | राहत | आराम |
| 5. | सिर्फ | केवल |
| 6. | सूझ | उपाय |

## III - वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1 | जन्मदिन - कल मेरा जन्मदिन है। |
| 2 | शरारती - मेरा भाई बहुत शरारती है। |
| 3 | छतरी - मेरे पास रंग -बिरंगी छतरी है । |
| 4 | बारिश - मुझे बारिश में खेलना अच्छा लगता है । |

**प्रश्न -उत्तर** **Text book (page-91)**

क ) साक्षी ने अमन को क्या समझाया ?

उत्तर - साक्षी ने अमन को समझाया कि यदि बारिश में भीगोगे तो बीमार पड़ जाओगे ।

ख ) परिवार के सभी सदस्य क्यों परेशान थे ?

उत्तर - परिवार के सभी सदस्य इसलिए परेशान थे क्योंकि अमन हर बात को मनाने के लिए कुछ न कुछ अपनी माँग रखता था।

ग ) उपहार देखकर अमन का मन क्या करने को कर रहा था ?

उत्तर - उपहार देखकर अमन का मन जल्दी से सब उपहार खोलने को कर रहा था ।

घ ) दादी ने उपहार देखने से पहले क्या कहा ?

उत्तर - दादी ने कहा जब अमन एक -एक उपहार खोलकर उससे मिलने वाली सीख पर चार पंक्तियाँ बोलेगा ,तभी उपहार खोले जाएँगे ।

**DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR**
**ACADEMIC SESSION 2021-22**
**SUBJECT: HINDI LITERATURE FOR DECEMBER & JANUARY MONTH**

## पाठ - 15 चमकू आया धरती पर

### I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विचित्र | 6. | परिश्रम |
| 2. | सीढ़ी | 7. | धन्यवाद |
| 3. | प्राणी | 8. | आवश्यकता |
| 4. | दृश्य | 9. | थैले |
| 5. | प्रसन्न | 10. | किसान |

### II - शब्द अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | बेहद | बहुत ज्यादा |
| 2. | दृश्य | नज़ारा |
| 3. | भेंट | उपहार |
| 4. | कठिन | मुश्किल |
| 5. | विचित्र | अनोखा |
| 6. | आवश्यकता | जरूरत |

## III -वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1 | किसान - किसान ने खेत में बीज डाल दिए । |
| 2 | चाँद - चाँद रात में दिखता है । |
| 3 | परिश्रम - हमें अच्छे अंक लाने के लिए परिश्रम करना चाहिए । |
| 4 | नदी -नदी का पानी ठंडा है । |

## प्रश्न -उत्तर **Text book (page-115)**

क ) चमकू को किस चीज़ का शौक था ?

उत्तर - चमकू को नई - नई चीज़ें एकत्रित करने का शौक था ।

ख ) यान से उतरकर चमकू ने क्या देखा ?

उत्तर - यान से उतरकर चमकू ने देखा कि चाँद की रोशनी से धरती पर चारों ओर उजाला था ।

ग ) चमकू को किसने क्या क्या दिया?

उत्तर - धोबी ने - साबुन

बढ़ई ने - लकड़ी की छोटी -सी गाड़ी

किसान ने - बीज

मछुआरा ने - कुछ नहीं

# पाठ - 16 उपकारी पेड़

## I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्की | 6. | उपयोगी |
| 2. | स्नान | 7. | प्रसन्नता |
| 3. | मित्र | 8. | कच्चा |
| 4. | ऑक्सीजन | 9. | शुद्ध |
| 5. | घोंसला | 10. | अचार |

## II - शब्द अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | सहेली | सखी |
| 2. | उपयोगी | लाभदायक |
| 3. | अधिक | बहुत |
| 4. | अतिरिक्त | अलावा |
| 5. | शुद्ध | साफ़ |
| 6. | वायु | हवा |

## वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1 | उपयोगी - पेड़ -पौधे हमारे लिए बहुत उपयोगी है । |
| 2 | पानी - हमें पानी की बरबादी नहीं करनी चाहिए । |
| 3 | दीवाली - दीवाली मेरा प्रिय त्योहार है । |
| 4 | आम - मुझे आम बहुत पसंद है । |

## प्रश्न -उत्तर

**Text book (page-123)**

क ) मीतू की माँ ने क्या सलाह दी?

उत्तर - मीतू की माँ ने कहा कि नीम की पत्तियों को पानी में अच्छी तरह उबालकर उस पानी से तान्या को स्नान कराने की सलाह दी ।

ख ) पेड़ -पौधे हमें क्या - क्या चीज़ें देते हैं?

उत्तर - पेड़ -पौधे हमें फल -सब्जियाँ, तेल ,मसाले और दवाइयाँ देते हैं।

ग ) लकड़ी का उपयोग किस -किस काम के लिए किया जाता है ?

उत्तर - लकड़ी का उपयोग हवन ,ईंधन और फ़र्नीचर बनाने में किया जाता है ।

घ ) पेड़ - पौधे पशु - पक्षियों के लिए किस प्रकार उपयोगी है ?

उत्तर - पशु पेड़ों की छाया में आराम करते हैं और पक्षी पेड़ों की डालियों पर घोंसला बनाते हैं ।

**DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR**
**ACADEMIC SESSION 2021-22**
**SUBJECT : HINDI LITERATURE FOR OCTOBER & NOVEMBER MONTH**

# पाठ- 13 मैं भी भीगूँ

**AIL/SEA** - वर्षा ऋतु के बारे में पाँच वाक्य लिखिए ।

**सामग्री -** रंगीन पेंसिलें ,पेंसिल।

**विवरण -** बच्चे अपनी उत्तरपुस्तिका में वर्षा ऋतु का चित्र बनाकर उसके बारे में पाँच वाक्य लिखेंगे ।



1 यह बारिश का दृश्य है ।

2 बच्चे बहुत खुश है ।

3 मोर भी बारिश आने पर खुश है ।

4 इन्द्रधनुष भी निकल आया है ।

5 बच्चे कागज़ की कश्ती से खेल रहे हैं ।

6 यह बहुत सुंदर दृश्य है ।

# पाठ- 13 मैं भी भीगू

## I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अम्मा | 6. | आँगन |
| 2. | गरज | 7. | निकलूँ |
| 3. | पुरवाई | 8. | भीगूँ |
| 4. | घाटी | 9. | मन |
| 5. | हरियाली | 10. | खेत |

## II - शब्द -अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | ज़रा | थोड़ा |
| 2. | गरजना | बादल की तेज़ आवाज़ |
| 3. | डाली | टहनी |
| 4. | हरियाली | हरे -भरे पेड़ ,खुशी |
| 5. | खेत | मैदान |
| 6. | बाग | बगीचा |
| | | |

## III - वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1 | गरज - बादल गरज रहे हैं। |
| 2 | वन - वन में हरे - भरे पेड़ है। |
| 3 | खेत - मेरे गाँव में एक खेत है। |
| 4. | हरियाली - वर्षा ऋतु में चारों ओर हरियाली छाई है। |

## प्रश्न -उत्तर

**Text book (page-98)**

(क ) यह कविता किसके बारे में है ?

उत्तर - यह कविता वर्षा ऋतु के बारे में है ।

(ख ) कवि का मन भीगने को क्या कर रहा है?


उत्तर- खेत ,बाग ,वन ,घर ,आँगन को भीगता हुआ देखकर कवि का मन भीगने को कर रहा है ।

# पाठ - 14 लोहड़ी का  त्योहार

**AIL/SEA** - वर्ग -पहेली में छिपे त्योहारों के नाम लिखिए।

**सामग्री** - पुस्तिका ,रंगीन पेंसिलें  ।

**विवरण** - बच्चे अपनी पुस्तिका में पृष्ठ 109 में वर्ग -पहेली में छिपे त्योहारों के नाम ढूँढकर लिखेंगे ।



# पाठ - 14 लोहड़ी का त्योहार

## I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | लोहड़ी | 6. | प्रतीक |
| 2. | त्योहार | 7. | मक्का |
| 3. | अग्नि | 8. | खुशहाली |
| 4. | मूँगफली | 9. | गृहकार्य |
| 5. | प्रणाम | 10. | स्वास्थ्य |

## II - शब्द अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | अग्नि | आग |
| 2. | संदेश | खबर ,समाचार |
| 3. | स्वास्थ्य | सेहत |
| 4. | प्रणाम | नमस्ते |
| 5. | बधाई देना | मबारकबाद देना |
| 6. | कामना | इच्छा ,अभिलाषा |

## III -वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1 | त्योहार - मेरा प्रिय त्योहार होली है । |
| 2 | प्रणाम - हमें रोज़ अपने माता -पिता को प्रणाम करना चाहिए। |
| 3 | मूँगफली - मुझे मूँगफली बहुत पसंद है । |
| 4 | सखी - मेरी सखी मेरी हमेशा मदद करती है । |

**प्रश्न -उत्तर** **Text book [page-104]**

क ) यह पत्र किसने ,किसे लिखा है ?

उत्तर - यह पत्र प्रियांशी ने अपनी सखी जूली को लिखा है ।

ख ) लोहड़ी का त्योहार कहाँ - कहाँ मनाया जाता है ?

उत्तर - लोहड़ी का त्योहार पंजाब और हरियाणा में मनाया जाता है ।

ग ) लोहड़ी का त्योहार कैसे मनाया जाता है?

उत्तर - लोहड़ी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है । शाम के समय आग जलाकर उसके चारों ओर चक्कर काटते हुए तिल डालते हैं । मूँगफली ,रेवड़ी और मक्का के फुल्ले खाते हैं । एक दूसरे को बधाई देते हुए आग के चारों तरफ नाचते गाते हैं ।

घ ) लोहड़ी का त्योहार फ़सल पकने की ख़ुशी का प्रतीक कैसे है ?

उत्तर - लोहड़ी का त्योहार फ़सल पकने की ख़ुशी का प्रतीक इसलिए है क्योंकि इस समय खेतों में गेहूँ और सरसों की फ़सल तैयार हो जाती है ।

**DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR**
**ACADEMIC SESSION 2021-22**
**SUBJECT : HINDI LITERATURE FOR AUGUST & SEPTEMBER MONTH**

## पाठ- 7 चतुर मच्छर

### I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निर्दयी | 6. | आवाज़ |
| 2. | मच्छर | 7. | क्षमा |
| 3. | स्प्ताह | 8. | सबक |
| 4. | मुश्किल | 9. | पंजा |
| 5. | गुस्सा | 10. | प्रसन्न |

### II - शब्द अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | निर्दयी | जिसमें दया न हो |
| 2. | परेशान | दुखी |
| 3. | सप्ताह | सात दिन |
| 4. | तंग | परेशान |
| 5. | मुश्किल | कठिनाई |
| 6. | क्षमा | माफ़ी |

## III -वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1 | सप्ताह - सप्ताह में सात दिन होते हैं । |
| 2 | क्षमा - हमें गलत काम करने पर क्षमा माँग लेनी चाहिए। |
| 3 | जंगल - शेर जंगल का राजा है । |

## प्रश्न -उत्तर **Text book work (page-52)**

क ) सभी जानवर शेर से क्यों परेशान थे ?

उत्तर - सभी जानवर शेर से परेशान थे ,क्योंकि वह बहुत निर्दयी था और जिसे चाहता उसे मारकर खा जाता था ।

ख ) शेर को गुस्सा क्यों आ गया ?

उत्तर - मच्छर की भिन - भिन आवाज़ से शेर परेशान हो रहा था इसलिए शेर को गुस्सा आ गया ।

ग ) शेर दर्द से क्यों तड़पने लगा ?

उत्तर - अपने पंजों को बार -बार शरीर पर लगने के कारण शेर दर्द से तड़पने लगा ।

घ ) मच्छर ने शेर को कैसे सबक सिखाया ?

उत्तर - मच्छर ने भिन -भिन आवाज़ से शेर को परेशान किया जैसे शेर सभी जानवरों को परेशान करता और मारकर खा जाता था । इस तरह मच्छर ने शेर को सबक सिखाया ।

# पाठ - 3 कबूतर और मधुमक्खियाँ

## नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सरोवर | 6. | धन्यवाद |
| 2. | मक्खी | 7. | शिकारी |
| 3. | जंगल | 8. | प्राण |
| 4. | पत्ता | 9. | दाँतों |
| 5. | मधुमक्खियाँ | 10. | छत्ते |

## शब्द - अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | मित्र | दोस्त |
| 2. | शिकारी | शिकार करने वाला |
| 3. | सरोवर | तालाब |
| 4. | प्राण | जान ,जीवन |
| 5. | समीप | पास |
| 6. | झुंड | समूह,टोली |

## वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1 | सरोवर - सरोवर में मछलियाँ तैर रही हैं । |
| 2 | समीप - मेरे घर के समीप एक बगीचा है । |
| 3 | मित्र - हमें अपने मित्र की सहायता करनी चाहिए । |

**Text book work ( page-22 )**

प्रश्न - उत्तर

क ) रानी मक्खी पानी में कैसे गिर गई ?

उत्तर - रानी मक्खी तेज़ हवा के कारण पानी में गिर गई ।

ख ) कबूतर ने पत्ता क्यों तोड़ा ?

उत्तर - कबूतर ने रानी मक्खी को डूबने से बचाने के लिए पत्ता तोड़ा।

ग ) रानी मक्खी पानी से बाहर कैसे आई ?

उत्तर - रानी मक्खी कबूतर द्वारा फेंके गए पत्ते पर चढ़कर पानी से बाहर आई ।

घ ) कबूतर जाल में कैसे फँस गए ?

उत्तर - शिकारी द्वारा डाले गए दाने खाने के लालच में कबूतर जाल में फँस गए ।

ड़ ) रानी मक्खी दूसरी मधुमक्खियों को क्यों बुला लाई ?

उत्तर - कबूतर को शिकारी के जाल से निकालने के लिए रानी मक्खी दूसरी मधुमक्खियों को बुला लाई।

# पाठ- 9 मिलकर खेलो

## I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | नन्हे | 6. | स्वस्थ |
| 2. | प्रिय | 7. | उत्साहित |
| 3. | अनोखे | 8. | आस्था |
| 4. | कंप्यूटर | 9. | आसमान |
| 5. | मुसकराई | 10. | मित्र |

## II - शब्द -अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | धरती | ज़मीन |
| 2. | विश्वास | भरोसा |
| 3. | रोज़ | हर दिन |
| 4. | प्रिय | प्यारा |
| 5. | उपहार | तोहफ़ा |
| 6. | नन्हे | छोटे |

## III - वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1 | स्वस्थ - सुबह सैर करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। |
| 2 | प्रिय - मेरा प्रिय त्योहार होली है। |
| 3 | खेल - राम और मदन खेल रहे हैं। |
| 4. | परी - परी को देखकर महक हैरान हो गई । |

**Text book (page-67)**

IV - प्रश्न -उत्तर

(क) महक क्यों उदास बैठी थी ?

उत्तर - महक को बाहर खेलना पसंद नहीं था इसलिए वह उदास बैठी थी ।

(ख) महक को कौन -सा खेल खेलना अच्छा लगता था?

उत्तर- महक को कंप्यूटर पर खेलना और टी वी देखना अच्छा लगता था ।

(ग) " एक बार सबके साथ खेलकर तो देखो "।-परी ने ऐसा क्यों कहा?

उत्तर- परी ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि महक हमेशा अकेले खेलती थी ।उसे सबके साथ खेलने का अनुभव नहीं था ।

(घ ) परी ने बच्चों को क्या दिया?

उत्तर - परी ने बच्चों को चॉकलेट और उपहार दिए ।

(ङ )कौन सा खेल महक का प्रिय खेल बन गया ?

उत्तर - पकड़म - पकड़ाई का खेल महक का प्रिय खेल बन गया ।

**DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR**
**ACADEMIC SESSION 2021-22**
**SUBJECT : HINDI LITERATURE FOR JUNE & JULY MONTH**

## पाठ- 5 गोलू का घर

### I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | झरना | 6. | उतावला |
| 2. | स्वादिष्ट | 7. | मूँछें |
| 3. | क्रोध | 8. | अचानक |
| 4. | चिल्लाई | 9. | आवाज़ |
| 5. | सुरक्षित | 10. | न्यारी |

### II - शब्द अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | न्यारी | अनोखी |
| 2. | स्वादिष्ट | स्वाद से से भरा हुआ |
| 3. | क्रोध | गुस्सा |
| 4. | सुरक्षित | ठीक -ठाक |
| 5. | उतावला | जल्दी करना |
| 6. | चटखारे लेना | स्वाद लेना |

## III - वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1 | क्रोध - हमें आपस में क्रोध नहीं करना चाहिए । |
| 2 | स्वादिष्ट - मेरी माँ स्वादिष्ट खाना बनाती है । |
| 3 | झरना - मैंने एक झरना देखा । |

## 1. प्रश्न -उत्तर

**Text book work (page-36)**

क ) बगीचे में कौन खेल रहा था?

उत्तर - बगीचे में अंकिता और यश खेल रहे थे ।

ख ) गोलू कहाँ छिप गया ?

उत्तर - गोलू एक पत्ती के नीचे छिप गया ।

ग ) गोलू सेब के पेड़ की पत्तियाँ क्यों नहीं खा सका ?

उत्तर - गोलू माली की बड़ी - बड़ी मूँछें देखकर डर गया इसलिए गोलू सेब के पेड़ की पत्तियाँ नहीं खा सका।

घ ) गोलू को अपनी न्यारी जगह कैसे मिली ?

उत्तर - जब गोलू झरने के पास पहुँचा तो उसे अपने जैसे कई मित्रों को देखकर खुशी हुई और उसे कहीं नहीं जाना पड़ेगा ।

# पाठ- 2 मीठा पहाड़

## I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | परिश्रमी | 6. | पहाड़ |
| 2. | चींटियाँ | 7. | झगड़ना |
| 3. | बिल्लियाँ | 8. | दावत |
| 4. | बाँटकर | 9. | फौरन |
| 5. | पंक्ति | 10. | सूँघा |

## II - शब्द -अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | परिश्रमी | मेहनती |
| 2. | झगड़ा | लड़ाई |
| 3. | पंक्ति | लाइन, कतार |
| 4. | शीघ्र | जल्दी |
| 5. | ठहाका | जोर की हँसी |
| 6. | चौकसी करना | ध्यान रखना |

## III - वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1 | झगड़ना - हमें आपस में झगड़ना नहीं चाहिए । |
| 2 | बरफ़ी -मुझे बरफ़ी बहुत पसंद है । |
| 3 | परिश्रमी - रमन बहुत परिश्रमी बालक है । |

IV - प्रश्न -उत्तर

**Text book work (page-15)**

क)- दोनों बिल्लियाँ क्यों लड़ रही थीं?

उत्तर - दोनों बिल्लियाँ रोटी के लिए लड़ रही थी ।

ख) रास्ते में रानी चींटी को क्या मिला?

उत्तर - रास्ते में रानी चींटी को बरफ़ी का एक टुकड़ा मिला ।

ग ) रानी चींटी बहुत -सी चींटियों को क्यों बुला लाई ?

उत्तर - रानी चींटी बहुत -सी चींटियों को बरफ़ी का टुकड़ा ले जाने के लिए बुला लाई ।


घ ) रानी चींटी ने बिल्लियों से क्या कहा ?

उत्तर - रानी चींटी ने बिल्लियों से कहा कि अगर वे दोनों ने चींटी की बात मान ली होती तो बिल्लियों ने भी मज़े से रोटी खा ली होती ।

# कविता - 4 सूरज और मुरगा

## 4 सूरज और मुरगा

**पाठ के उद्देश्य**
- घमंड न करना
- प्रकृति प्रेम
- लयात्मकता का ज्ञान



कई बार हमने देखा है
मुरगा बाँग लगाता जब
पूरब में मुसकाता सूरज
धीरे-धीरे आता तब।

इसी बात से लगा सोचने–
सूरज को लाता हूँ मैं
बाँग लगाकर रोज़ सुबह
इस सूरज को चमकाता मैं।

और बात फिर सोची उसने
कल सोऊँगा मैं जी भरकर
बाँग नहीं मैं दूँगा तड़के
सूरज आएगा क्यों कर?

मुरगा सोया पागल जैसा
सूरज आया ठीक समय
रंग-रँगीले फूल खिल गए
गूँज उठी चिड़ियों की लय।

Practice work **कविता याद कीजिए।**

## कविता - 4 सूरज और मुरगा

### I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सूरज | 6. | मुसकाता |
| 2. | मुरगा | 7. | सोऊँगा |
| 3. | बाँग | 8. | पूरब |
| 4. | चमकाता | 9. | कल |
| 5. | रंग- रँगीले | 10. | धीरे -धीरे |

### II - शब्द -अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | बाँग | मुरगे की आवाज़ |
| 2. | रोज़ | हर दिन |
| 3. | ज़ी | मन |
| 4. | तड़के | बहुत सुबह |
| 5. | रंग- रँगीले | कई रंग के |
| 6. | लय | मधुर आवाज़ में गाना |

### III - वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1 | सूरज - सूरज हमें प्रकाश देता है । |
| 2 | मुरगा - मुरगा सुबह बाँग देता है । |
| 3 | चिड़ियाँ - चिड़ियाँ चहचाह रही हैं । |

IV - प्रश्न -उत्तर

**Text book work (page-28)**

क )- मुरगा क्यों नहीं जागा ?

उत्तर - मुरगा बहुत गहरी नींद सोने के कारण नहीं जाग सका ।

ख ) मुरगे ने बाँग नहीं दी फिर भी सूरज क्यों आया ?

उत्तर - सूरज रोज़ बिना बाँग के ही निकलता था इसलिए वह आज भी मुरगे की बाँग के बिना ही निकल आया।

ग ) सूरज के आने पर क्या -क्या हुआ ?

उत्तर - सूरज के आने पर फूल खिल गए और चिड़ियों की आवाज़ गूँजने लगी।

# पाठ- 6 नन्हा बीज

## I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अँधेरा | 6. | व्याकुल |
| 2. | मधुर | 7. | बूँद |
| 3. | झाँककर | 8. | प्रसन्न |
| 4. | शीघ्रता | 9. | स्वागत |
| 5. | चुप्पी | 10. | छू -मंतर |

## II -शब्द अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | मधुर | मीठी |
| 2. | बारिश | बरसात |
| 3. | प्रकाश | रोशनी |
| 4. | व्याकुल | बेचैन |
| 5. | खूबसूरत | सुंदर |
| 6. | धरती | ज़मीन |

## III - वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1. | मधुर - कोयल की आवाज़ मीठी होती है। |
| 2. | बारिश - बारिश आने पर मोर पंख फैलाकर नाचता है। |
| 3. | गुलाब - मुझे गुलाब का फूल बहुत पसंद है। |

## 1. प्रश्न -उत्तर

**Text book work (page-44)**

क ) खिड़की से झाँककर बारिश की बूँद ने क्या कहा ?

उत्तर - खिड़की से झाँककर बारिश की बूँद ने दरवाज़ा खोलने तथा खूब प्यारी - प्यारी बातें करने को कहा ।

ख ) नन्हे बीज के मन में क्या लालच आ गया ?

उत्तर - नन्हे बीज के मन में दुनिया देखने का लालच आ गया ।

ग ) बारिश की बूँद और सूरज की किरण ने अंदर आकर क्या किया ?

उत्तर - बारिश की बूँद और सूरज की किरण ने अंदर आकर नन्हे बीज को अपने नन्हे - नन्हे हाथों में उठा लिया ।

घ ) नन्हे बीज ने धरती पर आकर क्या देखा ?

उत्तर - नन्हे बीज ने धरती पर आकर सुंदर बगीचा ,रंग -बिरंगे ,प्यारे निराले और सुंदर फूल देखे ।

**DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR**
**ACADEMIC SESSION 2021-22**
**SUBJECT : HINDI LITERATURE FOR APRIL & MAY MONTH**

# कविता - 1 कौन सिखाता

**कौन सिखाता है चिड़ियों को चीं-चीं, चीं-चीं करना?**
**कौन सिखाता फुदक-फुदक कर उनको चलना फिरना?**

**कौन सिखाता फुर्र से उड़ना दाने चुग-चुग खाना?**
**कौन सिखाता तिनके ला-ला कर घोंसले बनाना?**

**कौन सिखाता है बच्चों का लालन-पालन उनको?**
**माँ का प्यार, दुलार, चौकसी कौन सिखाता उनको?**

**कुदरत का यह खेल, वही हम सबको, सब कुछ देती।**
**किन्तु नहीं बदले में हमसे वह कुछ भी है लेती।**

**हम सब उसके अंश कि जैसे तरू-पशु–पक्षी सारे।**
**हम सब उसके वंशज जैसे सूरज-चांद-सितारे।**

Rachna Maheshwari

Practice work Learn poem

द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

दिनांक -                    (In the Notebook)

## पाठ- 1 कौन सिखाता

### I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सितारे | 6. | सिखाता |
| 2. | अंश | 7. | प्यार |
| 3. | कुदरत | 8. | घोंसला |
| 4. | फुदककर | 9. | चाँद |
| 5. | चौकसी | 10. | तिनके |

### II - शब्द -अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | तरू | पेड़ |
| 2. | अंश | भाग, हिस्सा |
| 3. | कुदरत | प्रकृति |
| 4. | दुलार करना | प्यार करना |
| 5. | वंशज | वंश में उत्पन्न |
| 6. | चौकसी करना | ध्यान रखना |

## III - वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1 | सूरज - सूरज हमें प्रकाश देता है। |
| 2 | चिड़िया - चिड़िया दाना चुगती है। |
| 3 | पक्षी - पक्षी आकाश में उड़ रहे हैं। |
| | |

**Text book work (page-9)**

## IV - प्रश्न -उत्तर

(क) चिडिया अपना घोंसला किससे बनाती है ?

उत्तर- चिड़िया अपना घोंसला तिनकों से बनाती है।

(ख) चिड़िया कैसे बोलती है ?

उत्तर- चिड़िया चीं- चीं, चीं-चीं करके बोलती है।

**Text book work (page-9)**

## कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए।


कौन सिखाता है चिडियों को चीं - चीं ,चीं-चीं क्रना ?

कौन सिखाता फुदक- फुदककर उनको चलना-फिरना ?

कौन सिखाता फुर से उड़ना दाने चुग-चुग खाना ?

कौन सिखाता तिनके ला- लाकर घोंसले बनाना ।

## 1.मुझे पहचानकर नाम बताइए और लिखिए ।



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| शु | तु | र | मु | र्ग |
| ब | को | य | ल | |
| या | | तो | ता | मो |
| मु | र | गा | | र |

| | | |
|---|---|---|
| (क) | मुझे हरी मिर्च खाना पसंद है । | तोता |
| (ख) | मैं राष्ट्रीय पक्षी कहलाता हूँ । | मोर |
| (ग) | मेरी मीठी बोली सबको भाती है । | कोयल |
| (घ) | मैं संसार का सबसे भारी पक्षी हूँ। | शतुरमुर्ग |
| ( ) | मेरा घोंसला बहुत सुंदर होता है । | बया |
| (च) | मेरे सिर पर लाल रंग की कलगी होती है। | मुरगा |

## 2. –चित्रों को पक्षियों की बोली से रेखा खींचकर मिलाइए ।





कुहू कुहू

चीं-चीं

कुकड़ूँ-कूँ

टें-टें





3. समान तुक वाले शब्दों को सही जगह पर लिखिए ।


| | | | |
|---|---|---|---|
| कौन | खाना | चाँद | लालन |
| मौन | नाना | माँद | पालन |

कौन खाना चाँद

लालन नाना


मौन माँद पालन

**कौन कैसे चलता है? चित्र देखकर सही उत्तर चुनिए।**

| | | |
|---|---|---|
|  | □ चौकड़ी भरकर | ■ धीरे-धीरे |
|  | ■ चौकड़ी भरकर | □ रेंग-रेंगकर |
|  | □ धीरे-धीरे | ■ छलाँग लगाकर |
|  | ■ फुदक-फुदककर | □ रेंग-रेंगकर |

**कुछ करने की बात**

**पक्षी अपना घोंसला जिन चीजों से बनाते हैं, उन पर (√) लगाइए।**

( ) (√) (√) ( )